दिनांकः 16.10.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–देश में प्रति व्यक्ति बिजली उपभोग बढ़कर 1400 यूनिट हुआ।
- केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है।
- जैसलमेर बस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 22 हुई–परिवहन विभाग ने पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की।
- राज्य सरकार ने सहकार सदस्यता अभियान को 22 अक्टूबर तक बढाया।

**000**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आंध्र प्रदेश के कुरनूल में लगभग 13 हजार 430 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें उद्योग, बिजली ट्रांसमिशन, सड़क, रेलवे, रक्षा विनिर्माण और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों की परियोजनाएं शामिल हैं। इस अवसर पर कुरनूल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने स्वच्छ ऊर्जा और बिजली की पहुंच में भारत की तीव्र प्रगति का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बिजली अब हर गांव तक पहुंच चुकी है और प्रति व्यक्ति बिजली उपभोग बढ़कर 14 सौ यूनिट हो चुका है।

.........................

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में आयोजित सेना प्रमुख सम्मेलन में भाग ले रहे संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदानकर्ता देशों के सेना प्रमुखों और उप–प्रमुखों से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया और वैश्विक शांति और स्थिरता बनाए रखने में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि शांति स्थापना की यात्रा में, भारत ने लैंगिक समावेशन में सराहनीय प्रगति की है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला शांति सैनिकों ने स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाया है और विश्वास को बढ़ावा दिया है।

000

गृहमंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में भगोडे अपराधियों के प्रत्यर्पण से संबधित चुनौतियां और रणनीतियां पर एक सम्मेलन का उदघाटन किया। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार, अपराध और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाई है।

.....................

दो दिन का यह सम्मेलन केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने आयोजित किया है।

000

केंद्रीय रेल, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि 2014 के बाद देश ने गुलामी की मानसिकता को छोड़ आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया है और उस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। श्री वैष्णव आज जयपुर में 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' को संबोधित कर

रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की आत्मनिर्भर की नीति के कारण देश इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन में तेजी तरक्की कर रहा है। मोबाइल असेंबलिंग के साथ अब मोबाइल के कॉम्पोनेंट्स भी भारत में बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर और वंदे भारत ट्रेनें भी भारत की तकनीकी क्षमता का प्रतीक हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि त्वरित और निर्णायक फैसलों से देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ रही है। श्री वैष्णव ने कहा कि देशभर के साथ राजस्थान में रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण का काम तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश के 85 रेलवे स्टेशनों का नवनिर्माण किया जा रहा है। एक अन्य कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जयपुर में रेलवे का एक वर्ल्ड क्लास डेटा सेंटर स्थापित किया जाएगा।

..................

इससे पहले आज सुबह श्री वैष्णव ने जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर उत्तर–पश्चिम रेलवे के 65 स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने जयपुर–असारवा एक्सप्रेस में वातानुकूलित श्रेणी के सभी यात्रियों के लिए प्रिंटेड लिनेन कंबल कवर व्यवस्था का भी शुभारंभ किया।

000

राज्य सरकार ने अंता विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान और मतगणना के दिन सूखा दिवस घोषित कर दिया है। संयुक्त शासन सचिव वरुण मिश्रा ने बताया कि सूखा दिवस 9 नवम्बर की शाम 6 बजे से 11 नवम्बर शाम 6 बजे तक अंता विधानसभा क्षेत्र और उसकी तीन किलोमीटर की परिधि में रहेगा। पुनर्मतदान होने पर संबंधित केंद्रों पर भी सूखा दिवस रहेगा। इस बीच उपचुनाव के लिए आज दो और नामांकन भरे गये हैं, इन्हें मिलाकर अब तक 7 नामांकन दाखिल हुए हैं। नामाकंन पत्र 20 अक्टूबर तक भरे जायेंगे।

000

जैसलमेर बस हादसे में मृतकों की संख्या बढकर 22 हो गई है। जोधपुर के अस्पताल में ईलाज के दौरान एक अन्य घायल की आज मृत्यु हो गई। इस बीच, अतिरिक्त परिवहन आयुक्त ओ. पी. बुनकर के निर्देश पर परिवहन विभाग ने विस्तृत जाँच शुरू कर दी है। जोधपुर में जैनम कोच क्राफ्ट परिसर में निर्मित बसों की जाँच चल रही है, जहाँ अब तक 66 बसों को जब्त किया जा चुका है। साथ ही केन्द्रीय सड़क परिवहन संस्थान पुणे को भी तकनीकी जाँच के लिए आमंत्रित किया गया है। जोधपुर जिला परिवहन अधिकारी छगन मालवीय ने बताया कि प्रदेश के साथ–साथ जिले में भी बसों का विशेष चैकिंग अभियान चल रहा है।

...............................

0000

जैसलमेर बस हादसे में चित्तौड़गढ़ के परिवहन विभाग के कार्यवाहक आरटीओ और एक सहायक प्रशासनिक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त बस के चित्तौड़ में रजिस्टर्ड होने की जानकारी सामने आने के बाद चित्तौड़गढ़ पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए परिवहन कार्यालय पहुँचकर बस के पंजीयन से जुड़े दस्तावेज़ और सीसीटीवी फुटेज का डीवीआर (क्टत्) जब्त कर लिया है। अब भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भी जाँच करेगा कि नियमों के विपरीत जाकर बस का फिटनेस प्रमाण पत्र कैसे जारी हुआ।

000

राज्य सरकार ने 'सहकार सदस्यता अभियान' को 22 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है। सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने ये जानकारी देते हुए बताया कि अवकाश के दिनों को छोड़कर सभी दिन पैक्स में शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभियान में युवाओं और महिलाओं को सहकारिता से जोड़ने पर जोर दिया गया है और अब तक 8 लाख 71 हजार से अधिक नए सदस्य बनाए जा चुके हैं। इसके अलावा, 1,208 नए पैक्स के गठन के प्रस्ताव मिले हैं।

000

शहरी विकास और आवास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आज भीलवाड़ा में नगर विकास न्यास की आठ आवासीय कॉलोनियों के 381 प्लॉट्स के लिये लॉटरी निकाली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का सपना है कि हर गरीब को छत मिले, इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भविष्य में और आवासीय योजनाएं बनाई जायेंगी।

..................

000

भरतपुर नगर निगम परिसर में शहरी सेवा शिविर पखवाड़े के तहत पट्टा वितरण समारोह का आयोजन किया गया। संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने 55 पात्र लाभार्थियों को आवासीय पट्टे वितरित किए। इस अवसर पर डॉ. सोनी ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को उनके अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को शिविर में आने वाले पात्र लोगों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

000

स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने प्रदेशभर के सभी दमकल दलों का व्यापक सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दीपावली के मद्देनजर अधिकारियों को अगले तीन दिनों के भीतर दमकल वाहनों की तकनीकी स्थिति, कार्यक्षमता और मैनपावर का पूरा मूल्यांकन करने के सख्त निर्देश दिए हैं। सर्वे में किसी भी तरह की लापरवाही या देरी को गंभीरता से लिया जाएगा।

000

अजमेर में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने आज अजमेर में **'आपकी पूंजी, आपका अधिकार'** जिला स्तरीय अभियान का उद्घाटन किया। यह जन–जागरूकता शिविर बैंकर्स समिति राजस्थान द्वारा जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष (क्म।थ) के तहत आयोजित किया गया। इसमें जनता को बैंकिंग सेवाओं, निष्क्रिय खातों की जानकारी और सुरक्षित वित्तीय व्यवहार के बारे में बताया गया।

000

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने विकसित भारत युवा नेता संवाद क्विज–2026 की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। मंत्रालय ने बताया है कि माई भारत पोर्टल के माध्यम से 20 लाख से अधिक युवा प्रतिभागी इस क्विज में भाग ले चुके हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि देश के युवाओं की सकारात्मक प्रतिक्रिया को देखते हुए आखरी तारीख बढ़ाने का फैसला किया गया है।

000